Regarding need to develop NH-89 (Ajmer to Nagaur via Merta) as a four lane road in Rajasthan- laid

श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ **(राजसमन्द) :** राष्ट्रीय राजमार्ग NH-89, जो अजमेर से नागौर होते हुए मेड़ता मार्ग से गुजरता है, वर्तमान में अत्यधिक यातायात दबाव का सामना कर रहा है । यह मार्ग पश्चिमी एवं मध्य राजस्थान की एक प्रमुख जीवनरेखा है, जो औद्योगिक, व्यापारिक, शैक्षणिक एवं धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है । PWD एवं NHAI द्वारा किए गए नवीनतम ट्रैफिक सर्वे के अनुसार बाड़ी घाटी टोल प्लाजा पर प्रतिदिन यातायात लगभग 12,400 PCU (Passenger Car Unit) से अधिक दर्ज किया गया है । बुटाटी टोल प्लाजा पर प्रतिदिन यातायात लगभग 10,400 PCU से अधिक पाया गया है । जबकि MoRTH के मानकों के अनुसार 10,000 PCU से अधिक यातायात वाले मार्ग को फोर लेन में अपग्रेड हेतु योग्य माना जाता है । वर्तमान में यह मार्ग केवल दो लेन का है, जिससे पीक आवर्स में भारी जाम की स्थिति बनती है, सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है, यात्रा समय एवं परिवहन लागत बढ़ रही है, व्यापार, पर्यटन एवं औद्योगिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है । अतः मेरी सरकार से मांग है कि NH-89 (अजमेरनागौर via मेड़ता) मार्ग को फोर लेन कराये जाने हेतु शीघ्रातिशीघ्र यथोचित कार्यवाही करने का कष्ट करें ।